प्रेस नोट थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर दिनांक 18.04.2024

कूटरचित दस्तावेज द्वारा धोखाधड़ी करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष रामगढ़ताल के नेतृत्व में उ0नि0 प्रदीप कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2023 धारा 419,420,467,468,471,406,506,120बी भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त यशवंत उर्फ रजत जायसवाल पुत्र प्रवीन कुमार जायसवाल निवासी 406/3, घोष कम्पनी माया बाजार थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर स्थायी पता मेंहदावल थाना मेंहदावल जनपद संत कबीर नगर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त द्वारा दूसरे की जमीन को कूटरचित दस्तावेजों एवं धोखाधड़ी कर बैनामा करवाकर, जमीन को पुनः वादी मुकदमा को बेचने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

यशवंत उर्फ रजत जायसवाल पुत्र प्रवीन कुमार जायसवाल निवासी- 406/3,घोष कम्पनी माया बाजार थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर स्थायी पता- मेंहदावल थाना मेंहदावल जनपद संत कबीर नगर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 12/23 धारा 419,420,467,468,471,406,506,120बी भादवि थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 प्रदीप पाण्डेय चौकी प्रभारी आजाद नगर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
2. हे0का0 संजीत यादव थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
3. का0 अनिल कुमार थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर